Sixteenth Loksabha

an>

Title: Regarding increase in air-fare - Laid.

श्री प्रभुभाई नागरभाई वसावा (बारदौली): मैं सरकार के समक्ष एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय "एकाएक हवाई जहाज के किराये में अत्यधिक बढ़ोतरी" के बारे में बताना चाहता हूँ। हवाई जहाज का निर्धारित बेसिक किराये से चार गुना किराया देना पड़ता है। देशभर में चल रही सभी सरकारी एवं निजी एअरलाइन्स के किराये निकटतम तिथि में अपने चरम सीमा पर पहुँच जाते हैं। ऐसी स्थिति में अगर किसी व्यक्ति को अपने परिवार या रिश्तेदार के घर आपातकालीन स्थिति (बीमारी/शोक) में जाना पड़ता है तो उसे एक बड़ी रकम अदा करके टिकट खरीदनी पड़ती है जो हर व्यक्ति की पहुँच में नहीं होती है, लेकिन मजबूरी में आपातकालीन स्थिति में उसे वह टिकट खरीदनी पड़ती है। इसलिए मेरा माननीय मंत्री जी से आग्रह है कि निर्धारित बेसिक किराये के ऊपर दो गुना तक की सीलिंग तय करें ताकि आम जनता आर्थिक परेशानी से बच सके।